वर्ष- 22 अंक - 17 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2.50 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 29 जून 2026

# पाकिस्तान ने आतंकियों के नाम पर कर दी 35 बेगुनाहों की हत्या

**सोमवार.एजेंसी।** कराची में आतंकी धमाके से बौखलाए पाकिस्तान ने आधी रात को अफगानिस्तान के कई इलाकों में तबाही के गोले गिराए जिससे करीब 35 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने आतंकी ठिकाने पर हमले कर आतंकियों को मारा, लेकिन अफगानिस्तान का कहना है कि पाकिस्तान ने आम लोगों को मौत के घाट उतारा। पाक सेना ने सबसे पहले अफगानिस्तान में समकानी जिले के मांडोखेल इलाके में बिस्मिल्लाह जान के घर पर हमला किया। जब लोग बचाव के लिए पहुंचे तो दोबारा हमला किया। पाकिस्तान ने ये हमले पाकतिका और पाकतिया प्रांत में किए।



## बैल की जगह जुत गया बेटा

**नागपुर.एजेंसी।** नागपुर जिले के भिवापुर तहसील के सेलोटी गांव में किसान तनबा मरघड़े खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी कर रहे थे, लेकिन आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गई। नया बैल खरीदने के लिए रुपए न होने पर किसान के बेटे ने खुद बैल की जगह कंधा लगाकर खेत की जुताई शुरू कर दी।

## बीड़ी नहीं दी तो तलवार से काट डाला

**नागदा ( उज्जैन ).एजेंसी।** नागदा के बिड़लाग्राम थाना क्षेत्र के जी ब्लॉक टापरी इलाके में रविवार रात 18 वर्षीय युवक जय प्रकाश ठाकुर की तलवार से हत्या कर दी गई। आरोप है कि बीड़ी मांगने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद 50 वर्षीय मोहनलाल ढोली ने वारदात को अंजाम दिया।

# फिर डूब गई मुंबई

## असम और अरुणाचल में हाहाकार

**सोमवार ● एजेंसी**

मुंबई में कल रात को हुई मूसलधार बारिश के कारण सड़कें तालाब बन गईं। अंधेरी सबवे (अंडरपास) में इतना पानी भर गया है कि रास्ता बंद हो गया। उधर अरुणाचल में बाढ़ और भू-स्खलन से 6 लोगों की मौत हो गई। सड़कें और पुल टूट गए। असम में हजारों लोग बाढ़ के पानी में घिर गए। रेलवे पुल क्षतिग्रस्त होने से रेल यातायात अवरुद्ध हो गया।

## इस्तीफे के बाद चंपत राय दिल्ली गए

**अयोध्या.एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से इस्तीफा देने के बाद महासचिव चंपत राय रविवार शाम अयोध्या से दिल्ली रवाना हो गए। चढ़ावा चोरी के मामले में चंपत राय से भी पूछताछ हो सकती है। पुलिस ने कई आरोपियों के परिजनों को हिरासत में लिया है। राम मंदिर में नया ट्रस्ट भी बनाया जा सकता है। संघ राम मंदिर चढ़ावा चोरी की रिपोर्ट बना रहा है।

## राहुल के नकली सेक्रेटरी ने कांग्रेस नेता से 10 लाख ठगे

**चंडीगढ़.एजेंसी।** हरियाणा में कांग्रेस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी संजीव को राहुल गांधी के निजी सचिव कनिष्क सिंह के नाम पर एक फर्जी कॉल कर 10 लाख रुपए ऐंठ लिए।












# 3300 घरों पर आई आँच तो जान लगा दूँगा -वानखेड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर विधानसभा के वार्ड क्रमांक 35 के रविदास नगर और श्रीराम नगर में एम.आर-11 और एम.आर-12 विकास परियोजना के तहत लगभग 3300 घरों को तोड़े जाने की योजना है। इस जनविरोधी कार्रवाई के विरोध में पूर्व पार्षद सुभाष सोलंकी द्वारा वार्ड क्रमांक 35 के तलवाली चांदा में उपवास और धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित विपिन वानखेड़े ने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, 'यदि इन गरीब परिवारों के घरों पर जेसीबी चली, तो विरोध में सबसे आगे मैं खड़ा रहूँगा। कांग्रेस पार्टी हर कदम पर आप लोगों के साथ है।' उन्होंने स्थानीय विधायक और मंत्री तुलसी सिलावट पर निशाना साधते हुए कहा कि मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में 3300 घर टूट रहे है, 3300 परिवारों का भविष्य दांव पर है, इसकी जिम्मेदारी सीधे-सीधे मंत्री की है।

# स्टेशन पर भवन की गति धीमी

## यात्री हो रहे हैं बरसात के समय परेशान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री और रेलवे सलाहकार समिति सदस्य संजय बाकलीवाल ने महाप्रबंधक पश्चिमी रेलवे मुंबई और डीआरएम रतलाम को पत्र लिखा, जिसमें इंदौर रेलवे स्टेशन पर नए भवन निर्माण की धीमी गति का जिक्र किया। पत्र में लिखा कि कार्य धीरे होने से बारिश के कारण अव्यवस्था हो रही है। यात्रियों को परेशानी हो रही है। काम की गति काफी धीमी है और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बड़ी तादाद में हैं। बरसात होते ही स्टेशन पर स्थिति निर्माण के कारण खराब हो जाती है। बाकलीवाल ने यह भी लिखा कि कुछ जगह स्टेशन पर जल भराव, कीचड़ और निर्माण कार्य अधूरा होने और ड्रेनेज व्यवस्था में खराबी होने से कीचड़ और पानी जमा हो रहा है, पैदल चलना दुभर है। पुराने प्लेटफार्म और प्रतिक्षालय के हिस्से खुले हैं। निर्माण के कारण भी यात्री बरसात में गीले होने को मजबूर है। खुले में निर्माण का सामान मलबा, सरिये पड़े हैं, गड्ढे भी हुए हैं, जो यात्रियों के लिए खतरा बने हुए हैं। इसी कारण यात्री और परिजन ठीक से निकल नहीं पा रहे हैं, स्टेशन पर जाम की स्थिति बनती है, जिससे यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है। निर्माण एजेंसी ने समय पूर्ण होने के बाद भी काम को पूर्ण नहीं किया है और स्टेशन पर अव्यवस्था फैलाई है इसलिए निर्माण कम्पनी या ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस देकर दंडित भी किया जाए। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वॉटर प्रूफ शेड बनाया जाए, वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था भी तुरन्त की जाए।















# माहेश्वरी समाज चुनाव में दोनों टीम सुबह से निकली प्रचार में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





## चकानैन पैनल अध्यक्ष के दावेदार पहुंचे अपने गृह क्षेत्र, जानकीनाथ पैनल ने एक साथ तीन क्षेत्र के वोटर को होटल में बुलाया, नामांकन की हो रही है आज जांच

माहेश्वरी समाज जिला पदाधिकारियों के चुनाव में मतदान 5 जुलाई को होना है। दो पैनल आमने-सामने हैं, आज चकानैन पैनल के अध्यक्ष के उम्मीदवार सत्यनारायण मंत्री पप्पू अपनी पूरी टीम लेकर अपने ही गृह क्षेत्र हाईवे पहुंचे, जहां वोटर और समाजजनों ने पूरी टीम की अगवानी की और सभी का सम्मान कर चाय-नाश्ता भी किया। नवम हाईवे क्षेत्र के प्रचार मंत्री श्याम सारडा ने बताया कि इस दौरान राजेश मूंगड़, राजेश गट्टानी, सुनील मालू सहित अन्य भी मौजूद रहे। इधर आज बिजासन पैनल ने रणनीति के तहत तीन क्षेत्रों के मतदाताओं को होटल बडिज एमजी रोड पर एक साथ बुलाया और पदाधिकारियों ने सभी से बारी-बारी से मत देने की गुहार भी लगाई। उपाध्यक्ष लड़ रहे अजय सारडा ने बताया कि तीनों ही क्षेत्र पूर्वी, मेघदूत और मध्य के मतदाता एक साथ पहुंचे और वहां उम्मीदवारों ने अपनी बात रखी। कुल मिलाकर दोनों ही पैनल निकट आ रहे चुनाव के लिए जीत की उम्मीद में मतदाताओं से गुहार लगा रहे हैं, दोपहर में फोन भी लगाए जा रहे हैं, सोशल मीडिया पर मैसेज भी डाले जा रहे हैं।

### नामांकन फार्म की हो रही है जांच

माहेश्वरी समाज चुनाव के नामांकन शनिवार को दाखिल किए गए थे उनकी जांच का सिलसिला शुरू हो चुका है। आज सभी नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली जाएगी। वरिष्ठ चुनाव अधिकारी महेश तोतला ने बताया कि बारिकी से नामांकन पत्रों की जांच कर संभव हुआ तो आज शाम सूची लगा दी जाएगी। अगर जांच पूरी नहीं हुई तो कल सुबह नामांकन पत्रों की वैध सूची लगा दी जाएगी।

# मिमरोट का पोस्टर फाड़ते-फाड़ते गिर पड़ा युवक

## जाते-जाते भी मन नहीं माना तो पत्थर भी फेंक मारा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

निगम में नेताप्रतिपक्ष बनी सोनिला मिमरोट जो आज निगम कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर रही है उसी अवसर पर विधानसभा 2 से लेकर नगर निगम









रोड तक बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं। कल रात 12 बजे के करीब आस्था टाकीज रोड पर लगे बैनर-पोस्टर के आगे एक डीपी लगी हुई थी, जिस पर बाइक से दो युवाओं में से एक ने डीपी पर चढ़कर हाथ में ब्लेड लेकर जल्दबाजी में मिमरोट का पोस्टर फाड़ना शुरू ही किया था कि वह अनियंत्रित हो गया और डीपी से नीचे गिर गया, यह तो गनीमत है कि उसे लगी नहीं तत्काल बाइक चालक उसका इंतजार कर रहा था युवक खड़ा हुआ और बाइक के पीछे बैठा, फिर भी पोस्टर फाड़ने की भड़ास पूरी नहीं हुई तो जाते-जाते पोस्टर पर एक पत्थर भी बरसा दिया। पूरा मामला लोगों ने वीडियो बनाकर कैद किया। अब देखना होगा कि पूरी घटना का वीडियो सामने आने के बाद निगम में नेताप्रतिपक्ष आज पदभार के बाद बैनर-पोस्टर फाड़ने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाती है या फिर मामले को सामान्य कर देती है।

# धोबी घाट पर मोहर्रम मेले की अनुमति निरस्त करना दुर्भाग्यपूर्ण

## हाईकोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य-आम आदमी पार्टी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव ने धोबी घाट पर वर्षों से आयोजित हो रहे मोहर्रम मेले की अनुमति निरस्त किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। यादव ने कहा कि यह मेला इंदौर की साझा सांस्कृतिक विरासत, गंगा-जमुनी तहज़ीब और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। नगर निगम द्वारा पहले अनुमति देने के बाद उसे निरस्त कर दिया गया था, जिसे माननीय हाईकोर्ट ने रद्द करते हुए मेले के आयोजन की अनुमति बहाल की। पार्टी इस निर्णय का स्वागत करती है और इसे संविधान तथा न्याय की भावना के अनुरूप मानती है। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल एक समुदाय का नहीं, बल्कि सभी समाजों की सहभागिता का आयोजन है।

# पटवारी पर कानूनी कार्रवाई की मांग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि डॉ. संतोष वाधवानी ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को उनकी ईमानदार साफगोई के लिए धन्यवाद दिया है। जीतू पटवारी बेवजह ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर झूठे और अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। जबकि पटवारी की संस्थाओं को सरकार के नियमों को पूरा नहीं करने के कारण दिक्कतें आ रही हैं और इसी कारण वे मुख्यमंत्री पर दुर्भावनावश आरोप लगा रहे हैं। पटवारी को कानूनी अज्ञानता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री की छवि बिगाड़ने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर पुलिस को कार्रवाई करना चाहिए।

# निगम नेताप्रतिपक्ष टीम के साथ पहुंच रही है निगम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे की जगह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नए नेता के रूप में सोनिला मिमरोट को नियुक्त किया। चिंटू चौकसे शहर कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं। चिंटू चौकसे और सोनिला मिमरोट अपने कांग्रेसी साथियों के साथ निगम कार्यालय पहुंची, जहां पदभार ग्रहण का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में कांग्रेसी, पार्षद और पदाधिकारी मौजूद है।

# आज शाम और कल पानी के आसार

## पूर्वी म.प्र. से मानसून का प्रवेश, बंगाल की खाड़ी में भी बन रहा है कम दबाव का क्षेत्र

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लगातार बारिश का इंतजार किया जा रहा है और अब बरसात के आसार भी नजर आने लगे हैं। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज शाम 4 बजे के बाद से गरज-चमक के साथ पानी गिर सकता है क्योंकि पूर्वी म.प्र. और जबलपुर से मानसून का प्रवेश पूरे म.प्र. में हुआ है जिसका असर इंदौर में भी आज और कल नजर आएगा। कहीं मध्यम बरसात होगी, तो कहीं तेज गरज-चमक के साथ पानी गिरेगा। यह क्रम कल शाम भी जारी रहेगा और उसके पहले भी पानी गिरने के आसार बने रहेंगे। शर्मा ने यह भी बताया कि बंगाल की खाड़ी में भी कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है और उसी के बाद से पानी और आगे की ओर बढ़ता है। कम दबाव के क्षेत्र के बाद ही बादल बनते हैं और बरसात होती है। बंगाल की खाड़ी का असर कुछ दिनों के बाद इंदौर में असर के रूप में दिखेगा, जब पानी गिरेगा।



# विधायक के घर भीड़ लेकर पहुंचने वाले पार्षद का मेंदोला ने जाना हाल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 2 के विधायक रमेश मेंदोला के निवास पर गत माह सैकड़ों रहवासियों को लेकर पहुंचने वाले पार्षद लाल बहादुर वर्मा फिलहाल अस्वस्थ है। उनके हाल जानने मेंदोला कल सीएचएल केयर हॉस्पिटल पहुँचे, उनसे मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। विधायक ने चिकित्सकों से उनके उपचार को लेकर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि पार्षद वर्मा मेंदोला के घर भीड़ लेकर पहुंचने के बाद चर्चा में आए थे। क्षेत्रीय रहवासी पानी को लेकर परेशान थे।

# जैन समाजजन पहुंचे ज्ञापन देने

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा जैन संतों द्वारा उपयोग में किए जाने वाली मोर पिच्छी को लेकर विगत दिनों टिप्पणी की गई थी। इससे दिगम्बर जैन समाजजनों में देश, प्रदेश के साथ इंदौर में भी रोष व्याप्त है। आज दिगम्बर जैन समाज की कई संस्थाएं मिलकर समाजजनों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में कमिश्नर कार्यालय गांधी हॉल पहुंचे हैं, जहां ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। ज्ञापन में यह मांग की जाएगी कि मेनका गांधी अपने बयान पर माफी मांगे, नहीं तो समाज भी कानूनी कार्रवाई करेगा।

# निगम के लेट लतीफी से किए गए काम पर मानसूनी बारिश ने फेरा पानी

## शहर की सड़कों पर देरी से किया गया पेचवर्क बारिश के कारण उखड़ा

### निगम अधिकारी बोले रेती मंडी ब्रिज के पास निगम ने नहीं किये पैचवर्क

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर की सड़कें लगातार एक साल से पैच वर्क और सुधार कार्य मांग रही है। सड़कें खराब है, लोग गड्ढों वाली सड़कों से गुजर रहे हैं, जिन सड़कों को खोदा जा रहा है वहां पर रेस्टोरेशन का काम तय समय से नहीं किया जा रहा, लेकिन बारिश आने से पहले नगर निगम ने कुछ स्थानों पर पैच वर्क करना शुरू किया तो बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि मानसूनी बारिश की शुरुआत पैच वर्क करने के एक सप्ताह बाद हो गई, ऐसे में परिणाम यह हुआ कि बारिश में कई सड़कों का पेंचवर्क उखड़ गया और पानी बह निकला ज़िसके बाद लेट लतीफे से किए गए काम पर पानी फिर गया।

मामला रेती मंडी ब्रिज के पास का है जहां पर 15 दिन पहले सर्विस रोड का पैच वर्क किया गया था। यहां के प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि 15 दिनों पहले ही पूरी सर्विस रोड जो खराब थी उसको ठीक करके नई सड़क बनाई गई थी। ब्रिज के आसपास की सड़क गड्ढेदार और खराब थी यहां से निकलने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बारिश में परेशानी नहीं हो इसी दृष्टि से यह सड़क बनाई गई थी लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि जैसे ही सड़क बनाई गई यहां पानी ने पूरे काम पर बट्टा लगा दिया और पिछले दिनों आई बारिश में पैच वर्क नहीं टिका, सड़क पर फिर से गड्ढे हो गए। अब वापस से लोगों को परेशानी का ही सामना करना पड़ेगा। अगर समय रहते निर्माण एजेंसी यहां काम करती तो जनता का पैसा और निगम के संसाधन दोनों बेकार नहीं जाते, लेकिन समय पर काम नहीं हुआ और पैसों की बर्बादी अलग हुई। नगर निगम के अधिकारियों को ऐसे कामों पर निगरानी रखनी चाहिए इसके अलावा क्षेत्रीय पार्षद और जनप्रतिनिधियों को भी काम कब और किस क्वालिटी का हो रहा है इस पर निगरानी रखनी होगी। वहीं दूसरी ओर नगर निगम इंजीनियर पीएस कुशवाहा ने बताया कि रेती मंडी ब्रिज के पास सड़क किस निर्माण एजेंसी द्वारा बनाई गई थी इस पर विचार करना होगा क्योंकि यहां नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा भी काम किया जाता है।। सर्विस रोड फिलहाल निगम के हिस्से में है। नगर निगम द्वारा अगर काम किया जाता तो यह गुणवत्तापूर्ण होता और बारिश में भी टिकाऊ रहता। सड़क निर्माण के एक सप्ताह बाद डामर उखड़ना ठीक नहीं अगर रहवासियों को समस्या है तो अधिकारियों को सड़क ठीक करने के लिए सूचना दी जाएगी। बरहाल इस मामले में निर्माण एजेंसी कोई भी हो लेकिन आम नागरिक ग़ड्ढों की समस्या से जूझ रहे हैं, शहर में ब्रिज निर्माण करने वाली एजेंसी अभी पिछले साल की तरह ही ब्रिज के आसपास की सर्विस रोड को सुधारने में लापरवाही कर रही है। मामला सत्यसाईं चौराहे का है, जहां ब्रिज निर्माण के लिए मुख्य सड़क के साथ ही सर्विस लेन का हिस्सा भी बेरिगेट लगाकर ले लिया गया है। वाहनों को निकालने के लिए केवल 10 से 12 फीट की जगह बची हुई इसी तरह आगे पंचमुखी हनुमान मंदिर से पहले सड़क बहुत ही असंतुलित है इस ऊबड़-खाबड़ सड़क पर वाहन बारिश के दौरान चलाना अपने आप में चुनौती है। मूसाखेडी क्षेत्र में भी ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है यहां भी सड़क और सर्विस रोड की हालत खराब बनी हुई है।

## छावनी अनाज मंडी होगी संचालित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

छावनी अनाज मंडी में हम्माल-तुलावटी, किसान संगठनों एवं मंडी प्रशासन के बीच विवाद चल रहा था। यह विवाद हुई बैठक में सुलझ गया। मंडी सचिव ने बताया कि मंडी इंस्पेक्टर दिलीप रायकवार को छावनी मंडी से हटाकर उड़न दस्ता में लगाया गया है तथा अवैध कब्जों की शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसानों एवं हम्मालों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर किए गए आंदोलन के बाद प्रशासन की सकारात्मक पहल से सभी पक्ष संतुष्ट हैं। हम्माल यूनियन नेता राजू प्रजापत एवं किसान नेता बबलू जाधव ने इसे किसान-मजदूर एकता की जीत बताते हुए कहा कि संयुक्त संघर्ष से समस्याओं का समाधान संभव हुआ है। मंडी प्रशासन के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया है। साथ ही निर्णय लिया गया कि किसानों के हित में छावनी अनाज मंडी पूर्ण रूप से सुचारू रूप से संचालित रहेगी।

## सिरपुर तालाब अपस्ट्रीम क्षेत्र में जल भराव नहीं हो



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत कबीटखेड़ी स्थित निर्माणाधीन 120 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), किला मैदान मंडी कार्यालय के पीछे निर्माणाधीन 35 एमएलडी एसटीपी एवं सिरपुर तालाब का निरीक्षण किया। मौजूद अधिकारी आशीष पाठक, अश्विन जनवदे एवं अन्य को जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही जलभराव की समस्या नहीं हो खासतौर से सिरपुर तालाब के अपस्ट्रीम क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं बने उसके निर्देश भी दिए। साथ ही कबीटखेड़ी स्थित निर्माणाधीन 120 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, किला मैदान मंडी कार्यालय के पीछे निर्माणाधीन 35 एमएलडी निर्माणाधीन एसटीपी परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों की समीक्षा की।

## लसूड़िया मोरी-तलावली चांदा क्षेत्र में 14 निर्माण जमींदोज







**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। आज सुबह निगम की टीम लसूड़िया मोरी-तलावली चांदा तालाब किनारे बने 14 अवैध निर्माण जमींदोज करने पहुंच गई थी। सुबह टीम को पुलिस बल नहीं मिल पाया था इसलिए देरी हुई और आखिर में गत दिनों निर्माण तोड़ने के विरोध के चलते टीम को इस बार लौटना नहीं पड़ा था, क्योंकि पिछली बार टीम लौट गई थी इसलिए पुलिस बल का आज टीम को कुछ समय इंतजार करना पड़ा।**

तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण के नोटिस भी दिए गए थे। किसी भी कब्जाधारी ने नोटिस के जवाब नहीं दिए थे, फिर भी निगम ने कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी। चेतावनी का भी असर नहीं हुआ था उलटा पिछली बार निगम को विरोध के कारण वापस लौटना पड़ा था। सुबह लग रहा था पुलिस बल नहीं मिलेगा तो निगम कार्रवाई नहीं कर पाएगा, लेकिन पुलिस बल मिलते ही निगम ने 14 अतिक्रमण को तोड़कर तालाब क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया।

# सरकार कराएगी इंदौर के सभी श्वानों की नसबंदी

### प्रदेश के इंदौर सहित 6 जिले को करेंगे रेबीज फ्री

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अब राज्य सरकार के द्वारा इंदौर के सभी श्वानों के नसबंदी कराई जाएगी। प्रदेश में इंदौर सहित 6 जिले को रेबीज फ्री किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च की योजना तैयार की है।**

**सरकार ने तैयार की करोड़ों रुपए खर्च की योजना**

पूरे मध्य प्रदेश में श्वान के द्वारा काटे जाने के सबसे ज्यादा मामले इंदौर में होते हैं। यहां पर पिछले वर्ष 67650 लोगों को श्वानों ने अपना शिकार बनाया था। ऐसे में इन लोगों को गांधी हाल के सामने स्थित पुराने सरकारी लाल अस्पताल में ले जाकर वहां पर टीके लगाए गए थे। श्वानों की आक्रमण क्षमता को कम करने के लिए इंदौर नगर निगम के द्वारा पिछले कई सालों से श्वानों के नसबंदी का अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए निगम के द्वारा स्वयंसेवी संगठन को ठेका देने के साथ ही नसबंदी करने के लिए स्थान भी दिया गया है और इंदौर में शेल्टर होम भी बनाया गया है। इस स्थिति के बावजूद इंदौर में श्वान के द्वारा काटे जाने के मामले कम होने के बजाय हर महीने बढ़ते जा रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए सरकार के द्वारा इंदौर सहित प्रदेश के 6 शहर को रेबीज फ्री शहर के रूप में तैयार करने का फैसला लिया गया है। इस तरह से जो शहर बनाए जाएंगे उसमें इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन और रतलाम शामिल है। इसके साथ ही सरकार के द्वारा प्रदेश के सभी 55 जिलों में से हर जिले में एक एबीसी सेंटर खोलना आवश्यक कर दिया गया है। इस समय इंदौर सहित 14 जिले में यह सेंटर चल रहा है। इन सभी जिले में मिलाकर 20 एबीसी केंद्र चलाए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सरकार की ओर से 35 नए एबीसी केंद्र बनाने के लिए पहल शुरू कर दी गई है। इस कार्य पर 14 करोड रुपए खर्च होंगे। सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि हर जिले में एक शेल्टर होम भी श्वानों के लिए होना चाहिए। इस समय प्रदेश के इंदौर सहित 14 नगरी निकाय के द्वारा 18 शेल्टर होम का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में बचे हुए जिले में सरकार की ओर से 37 नए शेल्टर होम बनाए जाएंगे। हर शेल्टर होम को बनाने में करीब 45 लाख रुपए का खर्च होगा। इस तरह केवल सेंटर होम का निर्माण करने पर सरकार के द्वारा 17 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी। सरकार की ओर से प्रदेश के 6 जिले को रेबीज फ्री बनाने का जो फैसला लिया गया है इसके अंतर्गत इन जिले में हर श्वान की नसबंदी कर दी जाएगी। इसके साथ ही श्वान का टीकाकरण का अभियान भी चलाया जाएगा। सरकार के द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट में बताया गया है कि इन 6 शहरों में 5 लाख श्वानों का टीकाकरण किया जाएगा। इस कार्य पर 10 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी।

### आक्रमण क्षमता घटाने पर जोर

इस समय सरकार का जोर श्वानों की आक्रमण क्षमता को घटाने पर है। यदि उनकी नसबंदी कर दी जाती है तो उनकी आक्रमण क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में उनके द्वारा लोगों पर लपकने और उन्हें काटने की घटनाएं कम होने लगती है। सरकार का ध्यान इसी बात पर है कि इस व्यवस्था को ज्यादा बेहतर तरीके से आकार दिया जाए ताकि प्रदेश के नागरिकों को राहत मिल सकें।


श्रीमती सोनिला
मिमरोट भाटिया जी
को इंदौर नगर पालिका निगम की
नेता प्रतिपक्ष
बनने पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ
श्रीमती सोनिला
मिमरोट भाटिया जी
बादशाह मिमरोट जी
अरविंद विश्वकर्मा
बधाईकर्ता: अरविंद विश्वकर्मा मित्र मंडल

# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थी रहे सफल



## विद्यार्थियों के सामने मंच से हुआ सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के फुटबॉल खिलाड़ी विद्यार्थी साइड नेशनल लेवल फुटबॉल चैम्पियनशिप में छोटा बांगड़दा टर्फ पर पहुंचे थे। साइड फुटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले इस आयोजन में कसेर बाजार स्कूल के अंडर-17 विद्यार्थियों में आरव परिहार, अंश सेंगर, सुमित चौहान, काव्यांश भटेवरा, हर्षल अतलासिया, जयेश राठौ और अंडर-14 में हृदय जाधव, धैर्य केवट, मान चौधरी, अली खान, रुद्र जलंदर, जुनैद अशरफी, आर्ध्यसिंह गौर, अरिहंत श्रीवास्तव एवं अंडर-12 में युग्म यादव, वरेनियम श्रीधर, पूरब खतवानी, दर्शन रतोतिया, सिद्धार्थ नागदेव, उत्सव राठौर, लक्ष्य चौहान, वेदांत भगत ने भाग लिया, जिसमें से स्कूल के खिलाड़ी अंडर-12 में तीसरी स्थिति में विजेता रहे। ब्रांज मेटल के साथ ट्राफी भी मिली। वहीं एक अन्य खिलाड़ी होनेशा भगत को सिल्वर मेडल मिला। इन सभी विजेता खिलाड़ियों को आज प्रार्थना के दौरान मंच से प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने सम्मानित किया। कोच हिमांशु यादव थे वे भी इस दौरान मौजूद रहे।



## परिषद ने किया पूल पार्टी का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारत विकास परिषद्, अहिल्या नगरी शाखा द्वारा सदस्य परिवारों के बीच फार्म हाऊस पर पूल पार्टी का आयोजन किया। प्रतियोगी गेम भी हुए। विजेताओं को सम्मानित भी किया, जिनमें बच्चे भी शामिल रहे। संजय मेहता, रश्मि अजय शर्मा, गौरव पंखुड़ी दरक, राकेश प्रीति धनोते, राजकुमार जैन, योगेश सुनीता गुप्ता, राजेश रचना भंडारी, भूपेन्द्र सपना नीमा ने अपनी भूमिका निभाई।

## जैन पदाधिकारियों ने ली शपथ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सुखलिया दिगंबर जैन समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आयोजन में चिराग जैन ने शपथ दिलाई।





## लंगर तकसीम किया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कर्बला मैदान में शहीद-ए-आजम कमेटी द्वारा लंगर तकसीम का आयोजन किया। दिलीप राजपाल, अब्दुल अजीज नियाजी, रसीद, सुभाष जैन, सत्येन्द्र वर्मा, किशन भालसे, डॉ. अब्दुल गफ्फार सहित अन्य मौजूद थे।

## भरतनाट्यम कार्यशाला



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वरदा कला संस्थान ने चार दिवसीय भरतनाट्यम कार्यशाला का आयोजन बीमा नगर कम्युनिटी हॉल में जारी रखा है, जो 1 जुलाई तक चलेगी।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर परिचर्चा आयोजित कर शहर में, नशा मुक्ति के क्षेत्र में सेवा कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। युनिवर्सल पीस एंड सोशल डेवलपमेंट सोसायटी तथा चन्दा सोशल सर्विस आर्गनाइजेशन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर अभिनव कला समाज सभागृह में आज 29 जून की शाम 5 बजे नशा मुक्त भारत स्वस्थ मन, परिवार व समाज परिचर्चा रखीं गई है।



## राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र चित्रांश बाजपेयी ने हैदराबाद में आयोजित पुरुष एवं महिला जूनियर तथा 27वीं बालक एवं बालिका सब-जूनियर राष्ट्रीय इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में +120 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है।

## बौद्ध समाज के पांच जोड़ों का सामूहिक विवाह



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अ.भा. बौद्ध समाज द्वारा बुद्ध नगर में पांच जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन रीति-रिवाज से किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक जीतू जिराती, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, दादू महाराज, दिलीप राजपाल, राहुल निहोरे, सचिन वाघ, नामदेव वाघ, मोहन मैतकर, शंकर वाकोड़े, भोलू तायड़े, युसूफ मौजूद थे।

## न्यास ने कराया कॉपी वितरण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बाबूलाल गिरि धार्मिक न्यास समिति द्वारा इस वर्ष भी कॉपी-किताब वितरण का आयोजन किया गया। 1 हजार विद्यार्थियों को कॉपियां वितरण की गई। प्रिंसपाल टोंग्या, सत्यनारायण सत्तन, सुधीर सेठिया, हरि जोशी, इन्द्रजीत मालोदिया, विजय भाटी, केके गोस्वामी, डॉ. ओमप्रकाश गिरी, राजेन्द्र जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।





## सनाढ्य ब्राह्मण समाज ने मेधावी छात्रों और माता-पिता का किया सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज संगठन के गौरव शर्मा, जगदीश पचौरी ने बताया कि समाज के बड़ी संख्या में मेधावी छात्रों के साथ उनके माता-पिता का सम्मान किया गया। छात्रवृत्ति भी दी गई। इन मेधावी छात्रों के साथ पालकों का सामूहिक भोज भी कराया गया।

# इन्दौर के फिल्मकार शुक्ला मिसेज इंडिया आयोजन में रहे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

केएफएल शोस्टॉपर मिसेज इंडिया का आयोजन दिल्ली के गोल्डन पाम होटल में हुआ। केएफएल की नेशनल डायरेक्टर रंजीता आशिष ने बताया कि इस पेजेंट में देशभर से आई फाइनलिस्ट महिलाओं ने भाग लिया था। इस बार छोटे-छोटे शहरों की महिलाओं ने बड़े सपने देखे और अपने कदम दिल्ली की ओर बढ़ाए। यह पेजेंट सशक्त महिलाओं के लिए है। इसका उद्देश्य समाज में बढ़-चढ़कर काम कर रहीं उन महिलाओं को सम्मानित करना है जो समाज के लिए एक रोल मॉडल हैं। केएफएल इस अवसर पर बिजनेस अवार्ड्स भी प्रदान करता है। इसी कार्यक्रम में उन्होंने अपनी 'केएफएल मैगजीन' का भी विमोचन किया, जिसके कवर पेज पर मिसेज एशिया यूनिवर्स जेनिफर परेरा (गोवा) नजर आ रही हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायंस क्लब दिल्ली वेज के



चार्टर प्रेसिडेंट और जीटीटीसीआई के प्रेसिडेंट डॉ. गौरव गुप्ता उपस्थित थे। साथ ही गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में चेक रिपब्लिक के डिप्लोमैट शॉन शिमोन मुलर, जैम माइंस की वाइस प्रेसिडेंट स्तुति गुप्ता और इन्दौर से जुड़े फिल्मकार शैलेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे।

# सुनील सागर म.सा. राजकीय अतिथि

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन कालोनी नेमीनगर में चातुर्मास के लिए आने वाले आचार्य 108 सुनील सागर म.सा. को म.प्र. शासन ने राजकीय अतिथि घोषित किया है। चतुर्मास संयोजक इंद्रकुमार सेठी ने बताया कि म प्र शासन ने पत्र प्रेषित कर इसकी जानकारी दी। जैन समाजजनों ने संत के राजकीय अतिथि घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना है।



# नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम शांति भवन, न्यू पलासिया में टूविस्टा आई हॉस्पिटल, इंदौर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। टूविस्टा आई हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चंचल अग्रवाल ने मरीजों की गहन जांच कर उन्हें आंखों की देखभाल एवं उपचार संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किए। दुर्गा बहन, रेवती बहन, नारायणभाई सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# 170 लोगों ने लिया शिविर का लाभ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय जिला सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान मे पार्षद कार्यालय गौरी नगर,इन्दौर पर नेत्र शिविर में 170 मरीजों ने लाभ लिया, 21 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे, जरूरतमंद को 83 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।

# कोली समाज ने किया मंदिर पर प्रकटोत्सव

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कोली समाज सामुदायिक भवन कोली मोहल्ला मूसाखेड़ी में समाजजनों ने सद्गुरु कबीर मंदिर पर प्रकटोत्सव मनाया। यज्ञ के बाद आरती भी की गई। दो दिवसीय आयोजन में आज सोमवार की शाम महाआरती होगी और प्रसादी का आयोजन भी होगा। प्रेम कुमार कथनावल,



लालचंद सोमेश, दयाराम सोमेश, बंसीलाल कथनावल ने बताया कि आज रात 8 बजे से भजन संध्या में गुरुवाणी मंडल के लखन मंडलोई और विक्रम बोधिया द्वारा टीम के साथ कबीर भजनों प्रस्तुति दी जाएगी।



# अभिभाषक संघ अध्यक्ष का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अधिवक्ता राकेश पाल का अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति समुदाय की ओर से हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में सम्मान किया गया। प्रकाश मानावत, दादू महाराज, गोरेलाल बार्चे, सतीश बैरागी, राघवेन्द्रसिंह बैस, ओमप्रकाश सिंगी, पुरुषोत्तम धाकड़, .दरबार नायक,गिरधारी राठौड़, कैलाश मानावत, सुनील चौधरी, आरडी नैनावत, पाठक बड़े, मोहन पाल सहित अन्य मौजूद थे।

# स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जाल सभागृह में श्यामदास जगन्नाथ ट्रस्ट द्वारा स्व. सेठ श्यामदास अग्रवाल की जयंती पर आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. भरत रावत ने उदबोधन में कहा कि व्यसन से दूर रहकर संतुलित और पौषिक आहार लेना चाहिए। रोजाना 40 से 50 मिनट व्यायाम करें। रामदास गोयल, डॉ. लोकेश जोशी, कुणाल मिश्र, नारायण अग्रवाल, राधेश्याम शर्मा, डॉ. गोविन्द प्रसाद मिश्रा, अम्बिका शरण शास्त्री, सुरेश अग्रवाल एवं दीपक लालका मौजूद थे।



# मंदिर में संतों का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रघुनाथपुरम स्थित श्री सीता सर्वेश्वर राम मंदिर में अयोध्या एवं वृंदावन से आए संतों का सम्मान किया गया। राम दरबार का विशेष श्रृंगार भी किया गया।

# मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से प्रभावित नागरिकों के लिए शिविर लगेगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से प्रभावित बच्चों एवं युवाओं के समग्र स्वास्थ्य, पुनर्वास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से सोसाइटी फॉर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, इंदौर द्वारा इंडियन एसोसिएशन फॉर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, सोलन के सहयोग से 'एम.डी. वॉरियर्स तीन दिवसीय निःशुल्क रिहायशी शिविर 3 से 5 जुलाई तक महेश्वरम, रिंग रोड, रेडिसन ब्लू के पीछे, इंदौर में आयोजित होगा।

# हुसैनी लंगर और सम्मान का आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मोती तबेला गुलाम ए पंजतन कमेटी द्वारा इमाम हुसैन की याद में हुसैनी लंगर आयोजित किया गया। बडी संख्या में सैकडों लोगों ने लंगर में शिरकत की। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवियों मंजूर बेग, इलयास पहलवान, दानिश तारिक खा़न, रियाज़ खान,यूनुस खा़न का सम्मान किया गया। नसीर नूर तहसीन खान, राजिक शेख, मोहम्मद शादाब, उजेर खान, इरशाद हुसैन, सादीक नूर, रिजवान शेख, नईम खान, वक़ार खा़न, फेजान शेख, फ़िरोज़ हुसैन आयोजन से जुडे रहे।

# संघर्ष क पीछे पूरे परिवार की मौन तपस्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का वह कालखंड था, जब लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हजारों परिवारों ने अपने सुख, सम्मान और भविष्य तक को दांव पर लगा दिया। ऐसे ही लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय सुंदरलाल जी हीरालाल कसेरा का जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्रनिष्ठा का एक प्रेरक अध्याय है, जिसका मौन संघर्ष 51 वर्षों बाद, आज भी उनके परिवार की स्मृतियों और सुरक्षित दस्तावेजों में जीवित है। प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट सागर कसेरा ने बताया कि उनके दादाजी स्वर्गीय सुंदरलाल जी कसेरा ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा



के लिए महीनों तक कारावास की यातनाएँ सहन कीं। जेल से लौटने के बाद उनका स्वास्थ्य कभी सामान्य नहीं हो सका, चिकित्सकीय दस्तावेज आज भी परिवार के पास सुरक्षित हैं, जिनमें चिकित्सकों ने कारावास के कारण उनके स्वास्थ्य पर पड़े गंभीर प्रभावों का उल्लेख करते हुए उन्हें लंबे समय तक विश्राम की सलाह दी थी। ये दस्तावेज आज भी उस दौर के संघर्ष और पीड़ा के मौन साक्ष्य हैं। सागर कसेरा ने कहा कि लोकतंत्र की लड़ाई केवल जेल की सलाखों के पीछे नहीं लड़ी जाती, बल्कि उससे भी बड़ा संघर्ष घर की चौखट पर खड़े परिवारों को करना पड़ता है। उनकी दादी स्वर्गीय श्रीमती कमलाबाई कसेरा ने चार छोटे बच्चों, परिवार के बुजुर्गों और पूरे घर की जिम्मेदारी विपरीत परिस्थितियों में संभाली। आर्थिक संकट इतना गहरा था कि परिवार की भूमि और संपत्ति तक गिरवी रखनी पड़ी, लेकिन लोकतंत्र और राष्ट्रहित के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए।

**धार भाजयुमो में पावर गेम**

# जय सूर्या नगर के लिए अजीत और कपिल के नाम पर अड़े एवं धार ग्रामीण में विश्वास के नाम पर सहमति दी

## उपाध्यक्ष और महामंत्री प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर पर प्रेशर पॉलेटिक्स बना रहे

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा धार नगर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। मध्य प्रदेश भाजपा संगठन और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की सहमति से जिला अध्यक्षों की नियुक्ति का नया फॉर्मूला तैयार कर लिया गया है। हाल ही में जब भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का धार आगमन हुआ, तो जिले के कई प्रमुख युवा नेताओं और दावेदारों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन कर प्रदेश अध्यक्ष के सामने दावेदारी पेश की थी, लेकिन भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष जय सूर्या इन दावेदारों को दरकिनार कर अपने करीबियों को जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के लिए प्रेशर पॉलेटिक्स का गेम खेल रहे है, सूत्रों की माने तो धार जिले नगर और ग्रामीण में भाजयुमो के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर भाजपा के अंदरूनी गुटों में भारी खींचतान चल रही है, प्रदेश उपाध्यक्ष जय सूर्या और प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन मिलकर प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर पर अपने पसंदीदा नामों के लिए दबाव बना रहे हैं, इस पूरी प्रेशर पॉलिटिक्स में जय सूर्या को भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन का मजबूत साथ मिल रहा है, जिससे प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर पर दबाव बढ़ गया है, जय सूर्या जो अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षा और जिले मे अपने राजनैतिक जमीन बचाने के लिए दोनों जिलों मे अपने [illegible] व्यक्तिओ को भाजयुमो की कमान दिलवाने मे लगे हुए, धार नगर से जय सूर्या हिन्दू नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा के सहयोगी अशोक जैन के पुत्र अजीत जैन और वर्तमान भाजयुमो महामंत्री कपिल यादव के नाम पर अड़े हुए है, वही धार ग्रामीण वर्तमान जिला मंत्री विश्वास चौहान के नाम पर सहमति जता रहे है, हालांकि विश्वास चौहान के नाम पर कई वरिष्ठ ग्रामीण नेता जिनमे गंधवानी, कुक्षी और मनावर के गत विधानसभा चुनाव मे भाजपा प्रत्याशी रहे नेताओं का समर्थन भी प्राप्त है, साथ ही जनजातीय प्रदेश प्रमुख रेवसिंह भाभर भी विश्वास के नाम पर विश्वास जता चुके है, लेकिन धार नगर और धार ग्रामीण मे नेताओं के बीच धार जिले में भाजयुमो मे पदों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है, इस अंदरूनी खींचतान में जय सूर्या को प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन का साथ भी मिल रहा है, ये दोनों नेता मिलकर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर पर अपनी पसंद के नामों को हरी झंडी देने के लिए लगातार राजनीतिक दबाव बना रहे हैं, जय सूर्या का धार गृह जिला है, धार और मालवा क्षेत्र मे सूर्या अपनी पसंद के अध्यक्ष बनाने मे लगे हुए है, साथ ही स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत रखने के लिए वे धार नगर और ग्रामीण के संगठनात्मक ढाँचे में अपने करीबियों को शामिल करवाना चाहते हैं, इस प्रकार के दबाव और आंतरिक खींचतान के कारण धार भाजपा और युवा मोर्चा में अंदरूनी घमासान की स्थिति बनी हुई है, जिससे अंतिम नियुक्तियों की सूची जारी होने में देरी हो रही है, जब तक धार नगर और धार ग्रामीण के नामों पर सहमति नहीं बनेगी, तब तक भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर आधिकारिक घोषणा को रोककर रख सकते हैं, कई मर्तबा देखा गया है की ऐसे मामलों में विवाद को सड़क पर आने से रोकने के लिए सूचियों को होल्ड पर डाल दिया जाता है।







## राज्यपाल ने दी झिरन्या में सौगात

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल खरगोन के झिरन्या में सिकलसेल शिविर के दौरान ब्लड बैंक का शुभारंभ करते हुए स्वास्थ्य विभाग को दो नवीन एंबुलेंस और एक शव वाहन प्रदान कर सौगात दी। पटेल ने रंजना एवं संजना को सिकलसेल प्रमाण पत्र प्रदान किये। वहीं क्षय रोगी थावली बाई व बिल्लोर को फूड बास्केट भेंट की। विधायक छाया मौरे, बालकृष्ण पाटीदार, राजकुमार मेव एवं अधिकारी भाव्य मित्तल, रवीन्द्र वर्मा, नंदा ब्राह्मणे सहित अन्य मौजूद थे।

# ब्रिज के दोनों तरफ नई सड़क बनकर होने लगी तैयार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** आईटी पार्क चौराहे पर एमपी आरडीसी द्वारा करोड़ों की लागत से बनाए जा रहे नवीन फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के अंतर्गत जहां एक तरफ निर्माण एजेंसी द्वारा लगातार ट्रैफिक के दबाव और लोगों की मांग पर दोनों तरफ नई सर्विस रोड बनाने का काम तेज कर दिया है। यही नहीं तीन इमली की तरफ से आने वाले हिस्से में आधी से ज्यादा नई डामर की सड़क बनकर तैयार भी हो गई है। दूसरी ओर भी सड़क निर्माण का कार्य लगातार तेजी के साथ जारी है, लेकिन ब्रिज निर्माण का कार्य बेहद धीमी रफ्तार से हो रहा है।

### जल्द गर्डर लॉन्चिंग की है तैयारी

हालांकि इस प्रोजेक्ट में दोनों तरफ सभी पिलर्स खड़े करने का काम पूरा हो चुका है, मुख्य ढांचा भी तैयार हो गया है। यही नहीं ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए सर्विस रोड का काम भी अब अंतिम चरण में है। काम की धीमी रफ्तार को देखते हुए कहा जा रहा है कि इस ब्रिज निर्माण का कार्य इस साल के अंत तक ही पूरा होने के आसार है। वैसे भी दूसरी बार डेडलाइन बढ़कर दिसंबर 2026 की है। जबकि इससे पहले इसे 31 मार्च तक पूरा करना था। वहीं अब स्लैब डालकर जल्द गर्डर लॉन्चिंग का काम शुरू होगा, जिसकी भी तैयारी तेज हो गई है।

### व्यस्त चौराहे पर दोनों तरफ 800 मीटर हिस्से में हो रहा सर्विस रोड निर्माण

रिंग रोड पर स्थित यह चौराहा ट्रैफिक की दृष्टि से बेहद व्यस्त रहता है। यहां से एबी रोड खंडवा नाका और तेजाजी नगर की ओर ट्रैफिक डायवर्ट हो रहा है। जिसके कारण दिनभर इस व्यस्त चौराहे पर जाम लगा रहता है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक गैस पाइपलाइन शिफ्टिंग और अन्य कारण से ब्रिज निर्माण का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है लेकिन अब काम को गति देने की तैयारी है। प्रबंधन के हिसाब से करीब 800 मीटर हिस्से में नई सर्विस रोड का निर्माण कार्य लगातार तेजी के साथ चल रहा है जो अब एकदम अंतिम चरण में हैं। इसके अलावा दावा किया जा रहा है कि ब्रिज निर्माण कार्य में भी अब आने वाले दिनों में पहले से दुगनी तेजी दिखेगी।

# रीजनल पार्क संवारने का निगम का दावा फेल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** रीजनल पार्क को संवारने के लिए निगम द्वारा लंबे समय से किए जा रहे प्रयास और दावे अब फेल होते नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि कई बार टेंडर प्रक्रिया के बाद पीपीपी मॉडल पर काम शुरू करवाने के लिए लगातार प्रयास के बावजूद सफलता नहीं मिल रही है। इधर 15 साल से ज्यादा पुराने पार्क की लगातार हालत बिगड़ रही है। इतने बड़े रीजनल पार्क में ना बच्चों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था है, और ना ढंग की बैठक व्यवस्था है और न ही ठीक से खाने-पीने की व्यवस्था है। यही नहीं मनोरंजन के लिए भी लोगों के लिए कोई साधन - संसाधन मौजूद नहीं है। जबकि निगम पिछले कई सालों से अटल बिहारी वाजपई उद्यान को निजी हाथों में सौंप कर यहां मनोरंजन और विकास कार्य शुरू करने के दावे कर रहा है लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही है।

**टूटी टाइल्स, आधी से ज्यादा लाइटिंग रहती है बंद, सुरक्षा गार्डों की संख्या भी घटी–**वहीं बड़ी बात यह है कि यहां हालत इतनी खराब है कि पार्क में जगह - जगह टाइल्स टूटी पड़ी है। यही नहीं शाम के समय पूरे पार्क में अंधेरा ही अंधेरा नजर आता है। जिसका कारण यह है कि पार्क में लंबे समय से आधी से ज्यादा सजावटी लाइटिंग पिछले कई महीनो से बंद पड़ी हुई है। जिनमें आधी से ज्यादा लाइटिंग खराब हो रही है और आधी से ज्यादा लाइटिंग टूट फूट गई है। यही नई सुरक्षा गार्ड्स की संख्या भी कम हो गई है। इतने बड़े पार्क को संभालने के लिए गिनती के सुरक्षा गार्ड है। यही नहीं अब यहां दर्शकों की संख्या भी लगातार घट रही है। लोगों का कहना है कि 25 टिकट शुल्क होने के बाद भी मनोरंजन के कोई साधन नहीं है। इतना बड़ा पार्क में न अप्पू घर है और ना बोटिंग की सुविधा और न ढंग की बैठक व्यवस्था है। जिससे अब चुनिंदा लोग ही मजबूरी में यहां आते हैं। ज्यादातर समय तो यहां लडके-लड़कियां प्रेमी जोड़े ही बैठे रहते हैं इसलिए यहां कोई परिवार वाले तो आना पसंद ही नहीं करते हैं।

# 25 करोड़ के वाले बड़े प्रोजेक्ट की 3 साल बाद भी धीमी रफ्तार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इंदौर के सियागंज क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड के करीब 25 करोड़ लागत वाले बड़े व्यवसायिक प्रोजेक्ट की 3 साल बाद भी रफ्तार धीमी है। अब तक यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाना था। आबकारी विभाग की जमीन पर पांच मंजिला इमारत बनकर भले ही तैयार हो गई हो, लेकिन अभी यहां कई काम बाकी है। काम की धीमी रफ्तार को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सियागंज व्यापारियों का कहना है कि आखिर हमारे क्षेत्र में नवीन शॉपिंग कांपलेक्स की सौगात कब मिलेगी जबकि करीब 3 साल से काम चल रहा है। व्यापारियों का कहना है की बिल्डिंग तो बनकर तैयार हो गई है लेकिन फिनिशिंग सहित अन्य कार्य चल रहे है। मगर काम की रफ्तार बेहद धीमी है। जिससे अभी यह बताना मुश्किल है कि सियागंज क्षेत्र में व्यापारियों की सुविधा के लिए हाउसिंग बोर्ड द्वारा करोड़ों रुपए खर्चकर तैयार करवाई जा रही नई और आधुनिक सुविधाओं वाली बड़ी बिल्डिंग का काम कब तक पूरा हो पाएगा। साथ ही यहां कब से व्यवसायिक गतिविधियां शुरू हो पाएगी।

गौरतलब है कि सियागंज क्षेत्र में करीब 100 से ज्यादा दुकानों वाला आधुनिक सुविधाओं वाला नवीन भव्य शॉपिंग कांपलेक्स बनकर तैयार होगा जिसको लेकर आबकारी विभाग की जमीन पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा करीब 3 साल से भी ज्यादा समय से काम किया जा रहा है। हालांकि काम की रफ्तार धीमी होने के कारण अब तक इस बड़े शॉपिंग कांपलेक्स का काम पूरा नहीं हो पाया है। अभी केवल बिल्डिंग बनकर ही तैयार हुई है। फिलहाल फिनिशिंग कार्य एवं रंगाई पुताई का कार्य हो रहा है हालांकि शॉपिंग कांपलेक्स का काम पूरा होने में अभी भी दो से ढाई माह का समय और लग सकता है। उसके बाद क्षेत्र के व्यापारियों को एक स्थान पर नई और आधुनिक सुविधाओं के साथ करीब 100 दुकान और व्यावसायिक हाल के साथ इस परिसर की सौगात मिलेगी। अधिकारियों को कहना है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द यहां का काम पूरा करवाने की तैयारी है। पहले से दुगनी तेजी से काम हो रहा है। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द काम पूरा करवाए ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

# तिरला आंगनवाड़ी केंद्र पर पोलियो दवा पिलाई

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिले मे रविवार को दो बूंद जिंदगी की संदेश के साथ राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान का आगाज हुआ, जिसके अंतर्गत रविवार को 2.47 लाख बच्चों को जिलेभर मे पोलियो की दवा पिलाई, इसी तारतम्य तिरला के आँगनवाड़ी केंद्र पर भी पोलियो की दवा पिलाई गई।



## संपादकीय

# पुनरीक्षण पर सवाल दस्तावेजों की कमी से क्या छिन गया मताधिकार?

विवाद का यह सिलसिला केवल बिहार तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्तर प्रदेश होते हुए यह पश्चिम बंगाल तक पहुंच गया। बिहार में इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से लगभग पैंसठ लाख नाम हटाए गए। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की कवायद को शुरू हुए एक साल पूरा हो गया है। वर्तमान में उन्नीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया जारी है। खबरों के मुताबिक, इसके जरिए अब तक करीब छह करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं। ऐसे में यह सवाल अहम है कि क्या वास्तव में इतनी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने के पात्र नहीं हैं? या फिर बहुत से लोग आधिकारिक दस्तावेज नहीं जुटा पाने की वजह से अपनी योग्यता साबित नहीं कर पाए? सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि जिन लोगों के नाम सूची से बाहर किए गए हैं, उनका भविष्य क्या होगा। अगर वे मतदान के हकदार नहीं है, तो उनके दूसरे अधिकारों पर इसका क्या असर पड़ेगा? यह सवाल इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि पश्चिम बंगाल और बिहार में पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों के बाद ऐसी खबरें आई हैं कि दोनों राज्यों में संशोधित मतदाता सूची के आंकड़ों को अब सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं में शामिल किया जाएगा। इससे यह आशंका भी गहरा रही है कि मतदाता सूची से हटाए गए लोगों को अब सरकारी योजनाओं की लाभार्थी सूची से भी बाहर किया जा सकता है। सबसे पहले बिहार में पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों से पूर्व एसआइआर की प्रक्रिया शुरू की गई थी। तब विपक्षी दलों ने इसके समय को लेकर सवाल उठाए थे। उनका कहना था कि मतदाता सूची में संशोधन के लिए निर्वाचन आयोग के पास पहले पर्याप्त समय था, इसके बावजूद चुनावों से ठीक पहले इस प्रक्रिया को शुरू करना उचित नहीं है। इसके बाद नागरिकता के प्रमाण को लेकर भी यह प्रक्रिया विवादों में रही। विवाद का यह सिलसिला केवल बिहार तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्तर प्रदेश होते हुए यह पश्चिम बंगाल तक पहुंच गया। बिहार में इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से लगभग पैंसठ लाख नाम हटाए गए। दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा में करीब 10.2 फीसद मतदाताओं को सूची से बाहर किया गया। सवाल यह भी है कि क्या इन लोगों को अपनी पात्रता साबित करने के लिए आगे कोई मौका दिया जाएगा, या फिर वे हमेशा के लिए मताधिकार से वंचित हो गए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मतदाता सूची का समय-समय पर संशोधन जरूरी है, ताकि जिनकी मृत्यु हो गई है या जिन्होंने फर्जी दस्तावेज के आधार पर अपना पंजीकरण कराया है, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं। मगर यह चिंताजनक है कि अभी कुछ राज्यों में ही एसआइआर की प्रक्रिया पूरी हुई है और करीब छह करोड़ लोग मताधिकार से वंचित हो गए हैं, तो देश भर में ऐसे लोगों की संख्या कितनी हो जाएगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। सूची से बाहर किए गए लोगों को अब अपनी नागरिकता की चिंता भी सताने लगी है, क्योंकि उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की लाभार्थी सूची से भी बाहर होने का खतरा है। ऐसे में उनका भविष्य संकट में पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि कोई पात्र व्यक्ति किसी तकनीकी कारण या समय पर दस्तावेज न जुटा पाने की वजह से मताधिकार से वंचित न रह जाए। याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र सही मायने में तभी जिंदा रहता है, जब पात्र नागरिकों के मतदान का अधिकार सुरक्षित रहे और चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हों। से विडंबना ही कहा जाएगा कि वर्तमान समय में जहां छोटे-छोटे कार्य आधुनिक उपकरणों की मदद से किए जा रहे हैं, वहीं जोखिम भरे साफ-सफाई के काम आज भी परंपरागत तरीके से ही हो रहे हैं। नतीजा यह कि सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई के दौरान जान जाने की घटनाएं आम हो गई हैं।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 1439000 | 143200 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 22700 | 222600 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# डी.एस. ज्वेलर्स के संचालक और मैनेजर पर धोखाधड़ी का केस

### ब्याज समेत रकम लौटाने पर भी नहीं दिए गिरवी रखे 13 लाख के सोने के जेवर, बिना बताए बेच डाले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सराफा थाना इलाके में गिरवी रखे सोने के जेवरातों को खुर्द-बुर्द करने और ग्राहक के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक व्यापारी ने अपनी जरूरत के लिए डी.एस. ज्वेलर्स पर 160 ग्राम सोने के जेवर गिरवी रखकर लोन लिया था। बाद में जब पीड़ित व्यापारी ब्याज सहित पूरी रकम चुकाकर अपने पुश्तैनी जेवर वापस लेने पहुंचा, तो ज्वेलर्स संचालक और उसके मैनेजर ने जेवर लौटाने से साफ मना कर दिया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने पीड़ित को बिना कोई सूचना दिए उसके लाखों के जेवर बाजार में बेच दिए। सराफा थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अमानत में खयानत और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

सराफा पुलिस के अनुसार, इस धोखाधड़ी के मामले में फरियादी मनीष भंडारी पिता रामबिलास भंडारी निवासी वैभव नगर, इंदौर की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। मनीष भंडारी ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उन्हें रुपयों की आवश्यकता थी, जिसके चलते उन्होंने सराफा स्थित 'डी.एस. ज्वेलर्स' के संचालक श्याम मनोहर साखी निवासी नॉर्थ राजमोहल्ला और दुकान के मैनेजर गिरिराज महाजन निवासी विंध्याचल नगर से संपर्क किया था। मनीष ने शुद्ध सोने के करीब 160 ग्राम वजनी जेवर जिसकी वर्तमान बाजार कीमत करीब 13 लाख रुपये से अधिक है डी.एस. ज्वेलर्स के पास बतौर गिरवी रख दिए। इसके एवज में संचालक श्याम मनोहर और मैनेजर गिरिराज ने उन्हें सात लाख दस हजार रुपये नगद लोन के रूप में दिए थे। फरियादी मनीष भंडारी के मुताबिक, जब उनके पास रुपयों का इंतजाम हो गया तो उन्होंने ज्वेलर्स से संपर्क किया। वे नियमानुसार तय ब्याज और मूल रकम लेकर दुकान पर पहुंचे और अपने सोने के जेवर वापस मांगे। लेकिन आरोपी श्याम मनोहर और गिरिराज महाजन लगातार टालमटोल करने लगे और अंततः जेवर वापस करने से मुकर गए। परेशान होकर पीड़ित ने सराफा थाने में शिकायती आवेदन दिया। पुलिस की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में पाया गया कि डी.एस. ज्वेलर्स के मैनेजर गिरिराज महाजन ने फरियादी मनीष भंडारी को बिना किसी कानूनी नोटिस या सूचना दिए, उनके गिरवी रखे 160 ग्राम सोने के जेवर बाजार में बेच दिए और रकम ठिकाने लगा दी। इस पूरी साजिश में संचालक श्याम मनोहर साखी भी बराबर का भागीदार रहा।

# 1.35 लाख का फोन भागा फर्जी ग्राहक

**आईफोन की डिलीवरी लेने के बहाने स्टोर मैनेजर को दिया चकमा**

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के निपानिया में एक शातिर ठग द्वारा 'फोन वाले लिमिटेड' ऑर्बिट मॉल शाखा के स्टोर मैनेजर को चकमा देकर आईफोन चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने स्टोर मैनेजर हिमांशु पिता श्याम भाटिया निवासी विजयश्री नगर की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और चोरी का केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि बीती 1 जून को दिलीप जैन नामक ग्राहक ने 1,34,900 कीमत का 'आईफोन-17 प्रो' ऑर्डर किया था। जब हिमांशु फोन की डिलीवरी देने फ्लैट नंबर 303, श्रीनाथ पैलेस निपानिया पहुंचे, तो बातचीत के दौरान शातिर आरोपी टेबल पर रखा चमचमाता आईफोन उठाकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस हुलिए और मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।



## पुलिस ने कागजात मांगे तो वह कलटी खा गया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बापट चौराहा पर यातायात पुलिस ने बिना नम्बर की प्लेट वाली बाइक को रोककर चालक से कागजात मांगे तो वह दस्तावेज लाने की बात कहकर वाहन वहीं छोड़कर चला गया, जब वह वापस नहीं लौटा तो पुलिस ने चेचिस नम्बर के आधार पर जानकारी ली तो वह बाइक चोरी की होना पाई गई, जिसकी रिपोर्ट विजय नगर थाना में दर्ज है। विजय नगर पुलिस के सुपुर्द वाहन कर दिया गया है।

# मास्टर प्लान की सड़कों के दौरे का सिलसिला जारी आज फिर आयुक्त ने जाकर देखा मौका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा मास्टर प्लान में प्रावधान की गई उन सड़कों का निरंतर दौरा किया जा रहा है जहां पर नगर निगम के द्वारा निर्माण शुरू किया गया है।

निगम आयुक्त की ओर से हर दिन ही सुबह के समय पर किसी ने किसी मास्टर प्लान की सड़क के निर्माण की स्थिति का जायजा लेने का काम किया जाता है। इस क्रम में आज सुबह भी वह नगर निगम के अधिकारियों के दल के साथ मास्टर प्लान की बनाई जा रही सड़क देखने के लिए पहुंच गए। हर दिन की तरह आज भी सड़क की स्थिति को देखा गया और ठेकेदार को निर्माण कार्य तेज गति से करने और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही निगम के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि सड़क के निर्माण के कार्य में कहीं कोई बाधा नहीं आने दी जाए। आयुक्त के द्वारा आज निपानिया क्षेत्र में निर्मित की जा रही मास्टर प्लान की सड़क की स्थिति का जायजा लिया गया। हर दिन की तरह आज भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि जल्दी से जल्दी इस सड़क के निर्माण के कार्य को पूरा कर लिया जाए। इंदौर नगर निगम के द्वारा केंद्र सरकार से प्राप्त हुए 465 करोड़ रुपए की लागत से मास्टर प्लान में प्रावधान की गई 23 सड़कों के निर्माण के कार्य को आकार देने का काम किया जा रहा है। शहर के मध्य क्षेत्र में इन सड़कों की चौड़ाई को थोड़ा-सा घटा दिया गया है, जबकि शहर के बाहरी क्षेत्र में चौड़ाई को जनता की मांग के बाद भी नहीं घटाया गया है।

# लड़की से बियर मांग रहे बदमाशों को टोकना पड़ा भारी

## आदिवासी युवक को डंडों से पीटा, क्रेस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुरा में किराना दुकान पर लड़की से जबरन बियर मांग रहे बदमाशों को टोकना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने फरियादी महेंद्र पिता तुलसीराम सिंगाड़ की शिकायत पर आरोपी राहुल बंजारा और रोहित बंजारा के खिलाफ मारपीट व एट्रोसिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। महेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह विजय की किराना दुकान पर सामान लेने गया था, जहां दोनों आरोपी दुकान पर बैठी लड़की से बियर मांग रहे थे। महेंद्र ने जब उनसे कहा कि यहाँ शराब नहीं मिलती, ठेके पर जाओ, तो आरोपियों ने रास्ते में उसे घेर लिया। बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला कर महेंद्र का सिर फोड़ दिया और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कोलंबिया के खिलाफ फ्लॉप होने पर रोनाल्डो पर फूटा फैंस का गुस्सा

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। 41 वर्षीय पुर्तगाली स्टार ने ग्रुप-के के पहले मुकाबले में डीआर कांगो के खिलाफ 1-1 के ड्रॉ से अभियान की शुरुआत की थी। उस मैच में वह गोल नहीं कर सके और उनके प्रदर्शन को लेकर काफी आलोचना हुई। हालांकि, इसके बाद उज्बेकिस्तान के खिलाफ उन्होंने शानदार वापसी करते हुए दो बेहतरीन गोल किए और पुर्तगाल को 5-0 की बड़ी जीत दिलाई। इस प्रदर्शन ने फैंस को राहत दी कि रोनाल्डो का जादू अभी भी बरकरार है।

ग्रुप चरण के आखिरी मुकाबले में पुर्तगाल का सामना कोलंबिया से हुआ, जहां दोनों टीमों के बीच मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस मैच में रोनाल्डो का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक बार फिर उन्हें लेकर मीम्स और प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई।



कोलंबिया और पुर्तगाल के बीच खेला गया मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, लेकिन दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। हालांकि, मैच के अंतिम क्षणों में डेविंसन सांचेज का गोल मामूली ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिया गया। इसके बावजूद कोलंबिया ग्रुप-के में शीर्ष स्थान पर रहा। अब कोलंबिया अगले शुक्रवार को अंतिम-32 में घाना का सामना करेगा, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाला पुर्तगाल गुरुवार को क्रोएशिया के अनुभवी खिलाड़ी और रोनाल्डो के पूर्व रियल मैड्रिड साथी लुका मोड्रिच की टीम से भिड़ेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो की मौजूदगी में खेले गए इस मुकाबले में कोलंबियाई प्रशंसकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मैच की शुरुआत में ही जॉन कॉर्डोबा के पास गोल करने का शानदार मौका था, लेकिन लुइस डियाज के बेहतरीन पास पर उन्होंने नजदीक से हेडर बाहर मार दिया।

## हार की ऐसी सजा, खिलाड़ियों की वापसी के लिए पहले से बुक किए गए चार्टर विमान को रद्द किया

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद उरुग्वे के खिलाड़ियों को देश के फुटबॉल फेडरेशन ने बिल्कुल भी नहीं बख्शा है। अपने आखिरी ग्रुप एच के मुकाबले में स्पेन के खिलाफ 0-1 से मिली हार के बाद दो बार की चैंपियन उरुग्वे विश्व कप से बाहर हो गई है। टूर्नामेंट में टीम के इस बेहद शर्मनाक और खराब प्रदर्शन से नाराज होकर देश के फुटबॉल फेडरेशन ने खिलाड़ियों की वापसी के लिए पहले से बुक किए गए चार्टर विमान को रद्द कर दिया है। क्या आप जानते हैं कि उरुग्वे की टीम इस बार ग्रुप स्टेज में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी? काबो वर्डे और सऊदी अरब के खिलाफ उनके अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए थे, जिसके कारण यह दक्षिण अमेरिकी टीम अपने ग्रुप में सबसे निचले पायदान पर रही और उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।



## संभागीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इंदौर।** गरिमा विद्या विहार के प्राचार्य माधव मंत्री ने बताया कि इंदौर मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा विद्यालय परिसर में आयोजित इंदौर संभागीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्व खेलों की रजत पदक विजेता नम्रता संजय बत्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर इंदौर संभाग के समन्वयक मुगीस खान, श्रीकांत अटवल, सोनू जाटव, हार्दिक शर्मा, हिमांशु खत्री एवं वैभव रघुवंशी सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के पी-वी ग्रुप में आरव लश्करी एवं कियान सिंह जाटव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं धैर्य जैन, वाणी शर्मा, आराध्या अग्रवाल एवं कुंदन पटेल ने रजत पदक प्राप्त किया। कांस्य पदक विजेताओं में मोहम्मद अली चौहान एवं अवनी सेन शामिल रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार एवं आयोजकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## दो साल में पहली बार सुमित ने जीता एटीपी चैलेंजर खिताब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रोमानिया के टार्गु मुरेस में खेले गए इंटारो ओपन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस के क्वालीफायर फेलिक्स बालशॉ को 6-3, 7-5 से हराकर दो साल से ज्यादा समय में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता। इस जीत के साथ ही चैलेंजर स्तर पर नागल का खिताबी सूखा भी खत्म हो गया। इससे पहले उन्होंने जून 2024 में जर्मनी में हेलब्रॉन चैलेंजर जीता था। यह इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का कुल सातवां एटीपी चैलेंजर एकल खिताब था और क्ले कोर्ट पर यह उनकी पांचवीं ट्रॉफी थी जो इस कोर्ट के प्रति उनके लगाव को दर्शाती है। नागल खराब दौर के बाद अपनी रैंकिंग को फिर से बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं और इस खिताब से उन्होंने 75 एटीपी रैंकिंग अंक हासिल किए। उम्मीद है कि नई रैंकिंग जारी होने पर वह दुनिया में लगभग 219वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। उन्हें अपनी इस कामयाबी के लिए 15,510 यूरो की पुरस्कार राशि भी मिली। भारतीय खिलाड़ी ने बेसलाइन से शानदार खेल दिखाते हुए पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि बालशॉ मुकाबले में बने हुए थे। हालांकि नागल ने मैच के आखिरी पलों में संयम बनाए रखा और सीधे सेटों में जीत हासिल की।



## भोपाल के विवेक स्वामी अध्यक्ष, इंदौर के राहुल व्यास महासचिव नियुक्त

इंदौर। मध्यप्रदेश अमेच्योर कुराश एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक का आयोजन रविवार को इंदौर में एक होटल में किया गया। इस निर्वाचन के पर्यवेक्षक के रूप में द इंडियन कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कपूर उपस्थित थे।



नवीन निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर विवेक स्वामी, महासचिव पद पर राहुल व्यास, उपाध्यक्ष पद पर डॉ अमित पोरवाल, गोपाल पालीवाल, बिट्टू शर्मा, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र रघुवंशी कोषाध्यक्ष पद पर कैलाश बाथम, संयुक्त सचिव पद पर विक्रम सिंह दांगी, हरीश टेलर, वैशाली तिवारी, महेश पुरोहित, ब्रजेश धुरेंटे, निर्वाचित हुए। सदस्य पद पर अमित रावल, आदि निर्वाचित हुए। इस अवसर पर सभी ज़िले के सचिव जिनमे, विभोर बबेले, जतिन प्रजापत, फाल्के, राहुल ठाकुर, राखी राजपूत, प्रशांत कुशवाह, कपिल खरे, अजय कुंभकार आदि उपस्थित थे, सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर द इंडियन कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कपूर ने कहा कि जो भी सदस्य निर्वाचित हुए है, उन सभी को बधाई और जो विश्वास आप सभी ने विवेक स्वामी और राहुल व्यास पर दिखाया है, वह निःसंदेह काबिले तारीफ है, मैंने बाकी जगहों पर ऐसा नही देखा है।

## पल्स पोलियो का आज और कल घरों पर अभियान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पल्स पोलियो अभियान कल से शुरू हुआ। जिले में 3600 से अधिक बूथ बनाए गए, मोबाइल टीमों और 8 हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की गई थी। 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक आवश्यक रूप से देने के उद्देश्य से कल पहले दिन सेन्टर पर दो बूंद जिंदगी की बच्चों को दी गई। आज और कल मंगलवार को घरों पर जो बच्चे छूट गए है उन्हें दो बूंद जिंदगी की पोलिया की दवाई पिलाने का अभियान जारी है। आज और कल घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों तक टीम पहुंचेगी। पोलियो निरोधक दवा की खुराक देने के लिए अभियान के तहत विशेष ध्यान हाई रिस्क क्षेत्रों, मलिन बस्तियों, निर्माण स्थलों, घुमंतू आबादी तथा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे ट्रांजिट प्वाइंट्स पर दिया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रह जाए।

## पांच यात्री बसें जब्त



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आरटीओ इंदौर और संभागीय परिवहन उड़नदस्ता इंदौर ने यात्री बसों और अन्य वाहनो के विरुद्ध कार्यवाही कर पाँच यात्री बसें जब्त की। आरटीओ द्वारा तीन इमली चौराहे पर यात्री वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में वाहनो के परमिट, फिटनेस, बीमा सहित सभी दस्तावेज चेक किये गए। वाहनों का निरीक्षण भी किया गया।

## आईटीआई एवं आईआईटी मिलकर कौशल विकास को देंगे नई दिशा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शासकीय संभागीय आईटीआई की प्राचार्य रीना सोलंकी एवं ट्रेनिंग, प्लेसमेंट एवं अपरेंटिसशिप एडवाइजर विपिन पुरोहित ने आईआईटी इंदौर की विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा दोनों संस्थानों के मध्य कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण, नवाचार एवं विद्यार्थियों के क्षमता संवर्धन हेतु मेमोरेंडम ऑफ अण्डरस्टेण्डिंग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि आईटीआई इंदौर एवं आईआईटी इंदौर के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण, नवाचार एवं अनुसंधान-आधारित अधिगम के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह पहल युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने के साथ-साथ प्रदेश में कौशल विकास को नई गति प्रदान करेगी।

## शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का समापन

**200 युवाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गए**

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 45 दिवसीय आवासीय अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का इंदौर के एक निजी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में समारोह के साथ समापन हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्य बोध विकसित कर उन्हें सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षक लीना श्रीवास, रोहित जायसवाल, नितिन छारी, हर्षिता, अमित सोनी का सम्मान किया गया। 45 दिनों तक प्रशिक्षणार्थियों को आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई थी। इन प्रशिक्षणार्थियों को शिष्यवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। इस दौरान अदिति सोनी, संतोष पगारे, संगीता भावसार, महेश राठौर, भूपेन्द्र गुजराती, राकेश चौधरी मौजूद थे।

# आखिरी मिनट के गोल ने बदली कनाडा की किस्मत

## पहली बार अंतिम-16 में मेजबान टीम

**नई दिल्ली ।** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड-ऑफ-32 के पहले मुकाबले में सह-मेजबान कनाडा ने दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराकर इतिहास रच दिया। लॉस एंजिलिस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में कप्तान स्टीफन यूस्टाक्वियो ने इंजरी टाइम (90+2') में शानदार गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ कनाडा ने पहली बार फीफा पुरुष विश्व कप के राउंड ऑफ-16 में जगह बनाई। इससे पहले कनाडा 1986 और 2022 विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका था। अब राउंड ऑफ-16 में उसका सामना नीदरलैंड और मोरक्को के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से होगा।



मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ्रीका ने आक्रामक खेल दिखाया और कई अच्छे मूव बनाए, लेकिन अंतिम पास और फिनिशिंग की कमी के कारण टीम बढ़त हासिल नहीं कर सकी। दूसरी ओर, कनाडा ने भी कुछ शानदार मौके बनाए।पहले हाफ के अंतिम क्षणों में कनाडा लगातार दो बार गोल करने के करीब पहुंचा। पहले दक्षिण अफ्रीका के डिफेंडर ऑब्रे मॉडिबा ने मोइज बॉम्बिटो के हेडर को गोललाइन से क्लियर कर दिया। इसके तुरंत बाद गोलकीपर रोनवेन विलियम्स ने ताजोन बुकानन के शॉट पर शानदार बचाव कर अपनी टीम को गोल खाने से बचा लिया। हाफ-टाइम तक दोनों टीमें 0-0 की बराबरी पर थीं।

ब्रेक के बाद कनाडा ने खेल पर पकड़ मजबूत कर ली और लगातार दक्षिण अफ्रीका के गोल पर हमले किए। तानी ओलुवासेयी के दमदार शॉट को रोनवेन विलियम्स ने बेहतरीन तरीके से रोक दिया। इसके बाद डिफेंडर म्बेकेजेली म्बोकाजी ने समय रहते गेंद को क्लियर कर रिबाउंड पर गोल होने से बचा लिया। 75वें मिनट में स्टार खिलाड़ी अल्फोंसो डेविस को मैदान पर उतारा गया। उनकी रफ्तार और शानदार ड्रिब्लिंग ने दक्षिण अफ्रीका के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया और कनाडा के हमलों में नई ऊर्जा भर दी।

जब मुकाबला अतिरिक्त समय की ओर बढ़ रहा था और लग रहा था कि मैच एक्स्ट्रा टाइम में जाएगा, तभी इंजरी टाइम के दूसरे मिनट (90+2') में कप्तान स्टीफन यूस्टाक्वियो ने बॉक्स के बाहर उछलती हुई गेंद पर बेहतरीन फर्स्ट-टाइम शॉट लगाया। गेंद सीधे गोलपोस्ट के निचले कोने में जाकर समा गई और गोलकीपर रोनवेन विलियम्स उसे रोकने में असफल रहे। यही गोल मैच का निर्णायक साबित हुआ और कनाडा ने 1-0 से जीत दर्ज कर ली।

### कनाडा ने रचा इतिहास

यह जीत कनाडा के पुरुष फुटबॉल इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। टीम ने पहली बार फीफा विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी और अब पहली बार नॉकआउट मुकाबला जीतकर राउंड ऑफ-16 में भी प्रवेश कर लिया है। इससे पहले कनाडा ने 1986 और 2022 विश्व कप में हिस्सा लिया था, लेकिन दोनों बार ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी।

### दक्षिण अफ्रीका ने भी बनाया रिकॉर्ड

भले ही दक्षिण अफ्रीका को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने इस विश्व कप में इतिहास रचा। बफाना बफाना पहली बार फीफा विश्व कप के नॉकआउट चरण तक पहुंचने में सफल रही। हालांकि, राउंड-ऑफ-32 में हार के साथ उसका अभियान समाप्त हो गया।

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच ह्यूगो ब्रूस ने 74 वर्ष और 79 दिन की उम्र में फीफा विश्व कप के नॉकआउट चरण में टीम की कोचिंग करने वाले सबसे उम्रदराज़ कोच बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने उरुग्वे के पूर्व कोच ऑस्कर तबारेज का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2018 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में 71 वर्ष की उम्र में टीम की कोचिंग की थी।

# यह बिल्कुल भी अच्छी सीरीज नहीं रही

### *आयरलैंड के हाथों क्लीन स्वीप होने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने इन्हें बताया हार का असली जिम्मेदार*

**नई दिल्ली ।** बेलफास्ट के मैदान पर 28 जून को भारतीय क्रिकेट इतिहास का एक ऐसा काला अध्याय लिखा गया, जिसने करोड़ों भारतीय फैंस के दिलों को तोड़कर रख दिया है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 की चैंपियन टीम इंडिया को आयरलैंड ने दूसरे टी20 मुकाबले में 1 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 2-0 से ऐतिहासिक क्लीन स्वीप कर दिया। पहले मैच में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 34 रन से हारने के बाद, भारत को अपनी साख बचाने के लिए इस मैच को हर हाल में जीतना था। कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और आयरलैंड ने भारत के सामने 155 रनों का आसान सा लक्ष्य रखा था। लेकिन, जवाब में टीम इंडिया निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर केवल 153 रन ही बना सकी और महज 1 रन के बेहद करीबी अंतर से मैच और सीरीज दोनों गंवा बैठी।




इस करो या मरो के मुकाबले में भारतीय टीम प्रबंधन ने अपनी प्लेइंग इलेवन में बड़े बदलाव किए थे। भारत की तरफ से तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को एक साथ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू करने का गौरव प्राप्त हुआ। हालांकि, फैंस को सबसे ज्यादा निराशा तब हुई जब 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को एक बार फिर बेंच पर बैठना पड़ा और उन्हें इस सीरीज के दोनों मैचों में प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला। डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों ने अपनी तरफ से पूरा प्रयास किया, लेकिन टीम इंडिया को जीत की दहलीज के पार नहीं ले जा सके।

हार के बाद क्या बोले श्रेयस अय्यर

आयरलैंड की धरती पर मिली इस शर्मनाक हार के बाद भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर बेहद निराश नजर आए। मैच के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में अपने दिल का गुबार निकालते हुए अय्यर ने कहा, यह हमारे लिए बिल्कुल भी अच्छी सीरीज नहीं रही, लेकिन आयरलैंड की टीम ने जिस तरह का खेल दिखाया, उसके लिए उन्हें पूरा श्रेय जाता है। उन्हें इस बात का बखूबी अंदाजा था कि यह विकेट कैसा बर्ताव करेगी। इसके अलावा मैदान पर उनकी फील्डिंग का स्तर कमाल का था।' अय्यर ने आगे कहा, 'आयरलैंड के गेंदबाजों ने अपनी योजनाओं को मैदान पर जिस सटीकता के साथ लागू किया, वह लाजवाब था। उन्होंने गेंदबाजी और फील्डिंग के डिपार्टमेंट में हमें पूरी तरह से आउटप्ले कर दिया। भले ही नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहा, लेकिन कप्तान श्रेयस अय्यर ने टीम में शामिल हुए नए खिलाड़ियों की तारीफ करने में कोई कंजूसी नहीं दिखाई। आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 16 विकेट लेने वाले प्रिंस यादव और पंजाब किंग्स के फिनिशर सूर्यांश शेडगे को लेकर अय्यर ने कहा, प्रिंस के पास आईपीएल का बेहतरीन अनुभव है, जब वह गेंदबाजी के लिए आते हैं तो उनके पास अपनी खुद की रणनीतियां और आइडियाज होते हैं। सूर्यांश ने भी मैदान पर अच्छा जज्बा दिखाया। अंत में आयरलैंड की मेजबानी और फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए अय्यर ने कहा, यहाँ आना, खेलना और इस देश की मेहमाननवाज़ी का हिस्सा बनना हमारे लिए एक बेहद सम्मान और खुशी की बात है।



## राधिका पंचोले ने जीता स्वर्ण पदक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के सानिध्य में एवं उत्तराखंड स्पोर्ट्स कराते संघ के तत्वावधान में नैनीताल में आयोजित हुई व 25वीं वार्डो काई कराते स्पर्धा में एलेट स्पोर्ट्स एकेडमी और आरडी विक्टोरियस के 3 खिलाडी महू ब्लॉक एवं इंदौर जिला से इस स्पर्धा में भागीदारी करके मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया जिसमें राधिका पंचोले ने उत्तराखंड, पंजाब और मेघालय की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया । वही सोनाक्षी पटेल एवं हर्षिता अटवाल ने उम्दा प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता है।

## भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा झूलन गोस्वामी को पीछे छोड़ बनीं नंबर-1 गेंदबाज

**लंदन ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। दीप्ति महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप के आखिरी ग्रुप मैच में दीप्ति ने बेथ मूनी को अपना पहला शिकार बनाया। अनुभवी बल्लेबाज मूनी का कैच राधा यादव ने लपका। इसके विकेट के साथ ही दीप्ति महिला इंटरनेशनल क्रिकेट की हाईएस्ट विकेट लेने वाली बॉलर बन गईं।

# हार के बाद हरमनप्रीत ने टीम के प्रदर्शन पर नाराजगी जताई

**नई दिल्ली ।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए करो या मरो के मुकाबले में भारतीय महिला टीम को 6 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। इस हार के साथ ही टीम इंडिया का सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और खुद शानदार अर्धशतक जड़कर टीम का स्कोर 20 ओवर में 170 रन तक पहुंचाया। लेकिन, मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस लक्ष्य को आसानी से केवल 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। वर्ल्ड कप से इस तरह शर्मनाक ढंग से बाहर होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर बेहद निराश नजर आईं और मैच के बाद उन्होंने टीम की कमियों को लेकर एक बड़ा और कड़ा बयान दिया। मैच के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में बातचीत करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर खुलकर नाराजगी जताई। हरमनप्रीत ने कहा, दिन के अंत में हमने बोर्ड पर एक सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया था। जब मैं बल्लेबाजी



कर रही थी, तब मुझे लगा कि हम थोड़े कम रन बना रहे हैं, लेकिन आखिरी के कुछ ओवरों में हमारे बल्लेबाजों ने अपना काम बखूबी किया। जो बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे, वे रन तलाशने की कोशिश में थे लेकिन ऐसा कर नहीं सके। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने अपनी योजनाओं के मुताबिक सटीक गेंदबाजी की। हमने विकेट तो नहीं गंवाए, लेकिन साथ ही हमें वो रन भी नहीं मिले जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे।' कप्तान ने माना कि टीम इंडिया काफी समय से एक ही तरह की गलतियां दोहरा रही है, जिसके कारण बड़े मैचों में हार मिल रही है। टीम को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा, एक ग्रुप के रूप में हमें बहुत सी चीजों पर गहराई से दोबारा विचार करने की जरूरत है कि मजबूत टीमों के खिलाफ हमें किस रणनीति के साथ उतरना है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार हम मैच में बहुत अच्छी स्थिति में होते हैं, लेकिन आखिरी के ओवरों में हम बहुत ज्यादा रन लुटा देते हैं। वहीं दूसरी तरफ, जब हम रनों का पीछा कर रहे होते हैं, तो बल्लेबाजी के दौरान हम वे रन नहीं बना पाते हैं।

# आर्मी अफसरों के फार्म हाउस पर बदमाशों का धावा

## कर्नल के घर कटर से दरवाजा काटने की कोशिश, अगले ही दिन सेवानिवृत्त जेसीओ के फार्म हाउस में चोरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सैन्य क्षेत्र महू में बीते दो दिनों के भीतर हथियारों से लैस बदमाशों द्वारा सेना के अधिकारियों के फार्म हाउसों को निशाना बनाने के दो सनसनीखेज मामले सामने आए हैं। पहली घटना में बदमाशों ने एक कर्नल के फार्म हाउस का दरवाजा काटकर डकैती या बड़ी चोरी का प्रयास किया, जहाँ जागने के कारण वे भाग निकले। वहीं, हौसले बुलंद रखते हुए बदमाशों ने अगले ही दिन एक अन्य रिटायर्ड जेसीओ के फार्म हाउस में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, पहली वारदात डिफेंस एन्क्लेव में रहने वाले कर्नल महेंद्र के फार्म हाउस पर कल देर रात घटित हुई। यहाँ देर रात कटर और आधुनिक हथियारों से लैस अज्ञात बदमाशों की एक टोली फार्म हाउस में दाखिल हुई। बदमाशों ने मकान का मुख्य



दरवाजा काटने के लिए कटर का इस्तेमाल करना शुरू किया और अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान कटर की आवाज और आहट सुनकर घर के सदस्य अचानक जाग गए। घर में हलचल और जागने का अहसास होते ही पकड़े जाने के डर से बदमाश तुरंत मौके से भाग निकले, जिससे एक बड़ी वारदात टल गई।कर्नल के घर नाकाम रहने के ठीक अगले ही दिन रात बदमाशों ने आशापुरा रोड क्षेत्र को अपना निशाना बनाया। यहाँ स्थित एक सेवानिवृत्त जेसीओ के फार्म हाउस के सूनेपन का फायदा उठाकर बदमाश दीवार फांदकर अंदर घुस गए। बदमाशों ने यहाँ सेंधमारी करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, जेसीओ के फार्म हाउस से कुल कितने रुपये और क्या-क्या जेवरात या सामान चोरी हुआ है, इसकी आधिकारिक सूची और जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस पीड़ित परिवार से सामान का ब्योरा ले रही है।

# शोरूम कर्मचारी फंदे पर झूला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** एक शोरूम पर काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों ने घर का गेट तोड़कर उसे फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मिली जानकारी के अनुसार घटना परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदानगर में रहने वाले कुणाल पिता गणेश (28) ने फांसी लगाकर जान दे दी। गणेश पाटिल ने बताया कि कुणाल और उसकी पत्नी के साथ हम बाहर खाना खाने गए थे, तभी उसने कहा कि मैं कुछ देर में आ रहा हूं, जिसके बाद उसने घर आकर फांसी लगा ली। जब हम घर पहुंचे तो कुणाल ने गेट अंदर से लगा रखा था, जिसके बाद आसपास के लोगों की मदद से गेट तोड़ा। कुणाल भमोरी पर एक शोरूम में काम करता था। उसने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

# प्लास्टर का मटेरियल गिरने पर पड़ोसी से विवाद

### दंपत्ति और बेटे ने युवक को लोहे के सरिये से पीटा

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के अंतर्गत संगम नगर में घर निर्माण के दौरान पड़ोसी के हिस्से में प्लास्टर का मटेरियल गिरने जैसी मामूली बात पर खूनी संघर्ष हो गया। पुलिस ने फरियादी सागर जैन पिता लक्ष्मीलाल जैन की रिपोर्ट पर उनके पड़ोसी दिलीप गुप्ता, पत्नी शिखा गुप्ता और बेटे शौर्य के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। सागर ने बताया कि बीती सुबह घर में काम के दौरान मटेरियल गिरने पर तीनों आरोपी सरेराह गालियां देने लगे। विरोध करने पर दिलीप और शौर्य ने लोहे की सरिया से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनके दोनों हाथों और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। बीच-बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लड़की से बियर मांग रहे बदमाशों को टोकना पड़ा भारी

### आदिवासी युवक को डंडों से पीटा, क़ेस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुरा में किराना दुकान पर लड़की से जबरन बियर मांग रहे बदमाशों को टोकना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने फरियादी महेंद्र पिता तुलसीराम सिंगाड़ की शिकायत पर आरोपी राहुल बंजारा और रोहित बंजारा के खिलाफ मारपीट व एट्रोसिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। महेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह विजय की किराना दुकान पर सामान लेने गया था, जहां दोनों आरोपी दुकान पर बैठी लड़की से बियर मांग रहे थे। महेंद्र ने जब उनसे कहा कि यहाँ शराब नहीं मिलती, ठेके पर जाओ, तो आरोपियों ने रास्ते में उसे घेर लिया। बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला कर महेंद्र का सिर फोड़ दिया और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।






स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।